Australian Government
Department of Infrastructure, Transport,
Regional Development, Communications and the Arts

प्राकृतिक आपदा के समय दूरसंचार ठप्प हो जाने की स्थिति का सामना करने के लिए कैसे तैयार रहें

मोबाइल, लैंडलाइन और इंटरनेट सेवाएँ हमें जोड़े रखती हैं, लेकिन हो सकता है कि वे प्राकृतिक आपदा के समय उपलब्ध न हों। यह महत्वपूर्ण है कि आपके पास कोई अन्य विकल्प हों।

किसी आपात-स्थिति या प्राकृतिक आपदा के समय अनपेक्षित रुकावट के लिए तैयार रहने हेतु इस चेकलिस्ट का उपयोग करें:

- ☐ एक ऐसी आपात-स्थिति किट तैयार करें जिसे, यदि किसी प्राकृतिक आपदा के दौरान आपको उस जगह से दूर जाना पड़े, तो आप अपने साथ ले जा सकें।
- ☐ अपनी आपात-स्थिति किट में बैटरी से चलने वाले एक पोर्टेबल रेडियो के अलावा, अतिरिक्त बैटरियाँ भी रख लें ताकि आप संपर्क में रह सकें और आपको आपात-स्थिति से जुड़ी नवीनतम जानकारी मिलती रहे।
- ☐ अपने मोबाइल फ़ोन को चार्ज़ रखें और बैटरी पैक जैसा कोई बैक-अप पावर स्रोत साथ में रखें।
- ☐ अपनी आपात-स्थिति किट में कुछ नकदी रख लें, क्योंकि हो सकता है कि बैंक कार्ड और एटीएम काम न करें।
- ☐ अपनी आपात-स्थिति योजना तैयार करें और आपको उस पर काम करना पड़े तो पहले उसके बारे में अपने प्रियजनों को बता दें।
- ☐ अपने परिवार और दोस्तों के संपर्क विवरण एक कागज़ पर लिख कर अपने पास रखें ताकि यदि आप अपना फ़ोन दोबारा चार्ज़ न कर सकें तो भी वह जानकारी आपके पास उपलब्ध हो।
- ☐ आपातस्थिति कर्मचारियों की सलाह मानें और यदि आपको आपात-स्थिति की चेतावनी देने वाले (Emergency Alert) फ़ोन संदेश मिलें तो उनका पालन करें।
- ☐ जब तक हो सके, नवीनतम चेतावनियों और सूचनाओं के लिए रेडियो और टेलीविजन स्टेशनों, आपात-कालीन सेवाओं की वेबसाइटों और सोशल मीडिया को देखते रहें।
- ☐ यदि किसी आपात-स्थिति में आपके पास दूरसंचार के साधन न हों, तो चेतावनी की प्रतीक्षा न करें। तैयारी करके रखें और अगर आपको लगे कि स्थिति और ख़राब हो रही है तो जल्द ही वहाँ से दूर चले जाएँ।

पहले से योजना बनाएँ और अधिक जानने के लिए देखें:
www.infrastructure.gov.au/stand-languages